भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

(जनसम्पर्क निदेशालय)

प्रेस विज्ञप्ति

नई दिल्ली, जुलाई 08, 2014 – श्री अशोक लवासा, सचिव, नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार ने आज चेन्नई हवाई अड्डा स्थित हवाई अड्डा प्रचालन नियंत्रण केन्द्र(ए ओ सी सी) का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में श्री जी. के. चौकियाल, सदस्य(प्रचालन), भा.वि.प्रा, सीमा शुल्क आयुक्त, चेन्नई, क्षेत्रीय आयुक्त, नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरौ, एफ आर आर ओ, अ ध्यक्ष, एओसी तथा अन्य चेन्नई हवाई अड्डे के अन्य अंशधारक भी उपस्थित थे। चेन्नई साइट को 06.06.2014 से लाइव कर दिया गया था।

भाविप्रा ने विमान सेवाओं , ग्राउंड हैंडलर्स सुरक्षा एजेंसियां आदि सहित अन्य अंशधारको को एक मंच के तहत लाकर एओसीसी की स्थापना की ताकि हवाई अड्डा संसाधनों का इष्टतम उपयोग कर यात्रियों को नि र्बाध अनुभव प्रदान किया जा सके।

इस समाधान के तहत एक साझा हवाई अड्डा प्रचालन डाटाबेस(एओडीबी) लागू किया जाएगा जो भाविप्रा के तहत आने वाले दस प्रमुख हवाई अड्डों के सभी अंशधारकों को हवाई अड्डा प्रचालनों से संबंधित समस्त सूचनाएँ प्रदान करेगा। चेन्नई हवाई अड्ड े ने भाविप्रा हवाई अड्डों पर एओसीसी लागू करने में अग्रणी भूमिका निभाई है।

इस अवसर पर संबोधित करते हुए सचिव नागर विमानन ने सेवा में गुणवत्ता के महत्व पर प्रकाश डाला तथा आशा व्यक्त की " बेंचमर्किंग क्वालिटी सर्वे " को भाविप्रा के देश भर के कार्गो टर्मिनलों में स्थापित एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी (ए एस क्यू) मापदंड में मानक भाग के रुप में शामिल किया जाएगा ।

जनसम्पर्क निदेशालय द्वारा जारी
विस्तृत ब्यौरे के लिए कृपया संपर्क करें
महाप्रबंधक (जनसम्पर्क) 9810025069
011-24622787
सं 23 / 2014-15

चेन्नई हवाई अड्डे पर ए ओ सी सी का उद्घाटन करते हुए श्री अशोक लवासा, सचिव (नागर विमानन) / चित्र में श्री जी.के. चौकियाल, सदस्य(प्रचालन), भाविप्रा तथा नागर विमानन मंत्रालय व भाविप्रा के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी शामिल हैं।